A–0664

Total Pages : 3 **Roll No. ....**

CPS-12

Bachelor of Education (B.Ed.)

हिन्दी का शिक्षणशास्त्र (भाग 2)

Examination February, 2026

Time : 2:00 Hrs. Max. Marks : 35

नोट :– यह प्रश्न–पत्र पैंतीस (35) अंकों का है, जो दो (02) खण्डों 'क' तथा 'ख' में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है। ***परीक्षार्थी अपने प्रश्नों के उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका तक ही सीमित रखें। कोई अतिरिक्त (बी) उत्तर–पुस्तिका जारी नहीं की जायेगी।***

खण्ड–क

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (2×9½=19)

नोट :– खण्ड 'क' में पाँच (05) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए साढ़े नौ (9½) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल **दो** (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. भाषा शिक्षण के लिए ज्यां पियाजे एवं नोम चाम्स्की द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए।

2. अधिगम योजना के संरचनावादी मॉडल या 5-इ मॉडल का वर्णन करते हुए उस पर आधारित एक अधिगम योजना का निर्माण कीजिए।

3. भाषायी कौशल के संप्रत्यय का वर्णन कीजिए। हिन्दी भाषा का एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों में किस प्रकार इन कौशलों का विकास कर सकता है ?

4. पाठ्यक्रम को परिभाषित कीजिए। पाठ्यक्रम निर्माण की प्रक्रिया का सविस्तार वर्णन कीजिए।

5. उपलब्धि परीक्षण को परिभाषित कीजिए। मानकीकृत उपलब्धि परीक्षण के निर्माण की प्रक्रिया में निहित सोपानों का वर्णन कीजिए।

खण्ड–ख

लघु उत्तरीय प्रश्न (4×4=16)

नोट :– खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए चार (04) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल **चार** (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. भर्तृहरि द्वारा प्रतिपादित भाषा शिक्षण के सिद्धान्त का वर्णन कीजिए।

2. अधिगम योजना को परिभाषित करते हुए इसके विभिन्न घटकों का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

3. लेखन कौशल पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

4. भाषा शिक्षक के गुणों का वर्णन कीजिए।

5. पाठ्यपुस्तक के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए।

6. अध्यापक निर्मित एवं मानकीकृत परीक्षण में अंतर स्पष्ट कीजिए।

7. मूल्यांकन की वर्तमान समस्याओं का उल्लेख कीजिए।

8. क्रियात्मक अनुसंधान की आवश्यकता पर टिप्पणी लिखिए।

****